ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पत्रकारिता व साहित्य परिवर्तन के आधारस्तंभ हैं : पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर

हिंदी विश्वविद्यालय में शिक्षकों के लिए पुनश्चर्या कार्यक्रम उद्घाटित

15 राज्यों के प्रतिभागी कर रहे सहभागिता

वर्धा. 09 अक्टूबर 2025 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 06 से 18 अक्टूबर तक आयोजित यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक केंद्र द्वारा शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ महादेवी वर्मा सभागार में सोमवार को हुआ। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. संदीप कुमार वर्मा तथा निदेशक प्रो. अवधेश कुमार हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से 15 राज्यों के प्रतिभागी शामिल हुए हैं, जो मीडिया, साहित्य और समाज के पारस्परिक संबंधों पर विचार-विमर्श करेंगे।

उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पद्मश्री श्री विजय दत्त श्रीधर ने कहा कि साहित्य जैसे व्यापक विषय में पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। दोनों ही समाज के विचार और परिवर्तन के आधार स्तंभ हैं और एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने भारतीय पत्रकारिता के इतिहास का उल्लेख करते हुए माधवराव सप्रे और मुंशी प्रेमचंद जैसे संपादकों के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते उपयोग से अध्ययनशीलता में कमी देखी जा रही है, परंतु कोई भी तकनीक मनुष्य के मस्तिष्क की सृजनात्मकता का स्थान नहीं ले सकती। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौर की पत्रकारिता से लेकर वर्तमान युग के जन-जागरूकता आंदोलनों तक मीडिया की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि मीडिया समाज का दर्पण है, जो विचार और संवेदना दोनों को दिशा देता है।

कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता प्रो. वीरेंद्र कुमार व्यास ने कहा कि मीडिया को राष्ट्रनिर्माण के लिए एकता की भावना को सशक्त करना चाहिए और विभाजनकारी प्रवृत्तियों से बचना चाहिए। मीडिया केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और भावनात्मक एकीकरण का उपकरण भी है। उन्होंने कहा कि मीडिया को ऐसी खबरों को प्राथमिकता देनी चाहिए जो समाज में संवेदनशीलता और आपसी समझ को बढ़ाएं। उन्होंने कहा, मिले सुर मेरा तुम्हारा की भावना के साथ ही सशक्त और समरस भारत का निर्माण संभव है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के अंग्रेजी विभाग के प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि मीडिया और साहित्य के बीच संवाद का विस्तार भारतीय अकादमिक परंपरा की सबसे बड़ी विशेषता है। ज्ञान और भाषा दोनों मिलकर समाज के विचारों को दिशा देते हैं। वहीं, प्रो. श्याम सुंदर दुबे ने कहा कि भारतीय मीडिया को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़कर नए युग की चुनौतियों का सामना करना चाहिए।

इस अवसर पर प्रतिभागियों ने भी मीडिया की भारतीय संकल्पनाओं में साहित्य और समाज विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण और विमर्श आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन विश्वविद्यालय में शिक्षण और शोध की दिशा में एक सार्थक और प्रेरणादायी पहल के रूप में देखा जा रहा है।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org

दूरभाष :+91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

पत्रकारिता व साहित्य हे परिवर्तनाचे आधारस्तंभ आहेत : पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर

हिंदी विद्यापीठात शिक्षकांसाठी पुनश्चर्याकार्यक्रमाचे उद्घाटन

१५ राज्यांतील सहभागी करत आहेत सहभाग

वर्धा, ०९ ऑक्टोबर २०२५ : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात ०६ ते १८ ऑक्टोबर पर्यंत यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक केंद्रामार्फत आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमाचे उद्घाटन महादेवी वर्मा सभागृहात सोमवारी करण्यात आले. या कार्यक्रमाचे समन्वयक डॉ. संदीप कुमार वर्मा व प्रो. अवधेश कुमार आहेत. या प्रशिक्षणात देशभरातील १५ राज्यांमधून सहभागी आले असून, माध्यम, साहित्य आणि समाज यांच्यातील परस्परसंबंधांवर विचारमंथन केले जाणार आहे.

उद्घाटन समारंभाचे मुख्य वक्ते पद्मश्री श्री विजय दत्त श्रीधर यांनी आपल्या भाषणात सांगितले की, साहित्य या व्यापक विषयामध्ये पत्रकारितेची भूमिका अत्यंत महत्त्वाची राहिलेली आहे. पत्रकारिता आणि साहित्य हे समाजाच्या विचार आणि परिवर्तनाचे आधारस्तंभ असून, ते एकमेकांचे पूरक आहेत. त्यांनी भारतीय पत्रकारितेच्या इतिहासाचा उल्लेख करताना माधवराव सप्रे आणि मुंशी प्रेमचंद यांसारख्या संपादकांच्या योगदानाचे स्मरण केले.

ते म्हणाले की आजच्या काळात कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) चा वाढता वापर अभ्यासाची सखोलता कमी करत आहे, मात्र कोणतीही तंत्रज्ञान मानवी मेंदूच्या सृजनशीलतेची जागा घेऊ शकत नाही. स्वातंत्र्यलढ्याच्या काळातील पत्रकारितेपासून ते आजच्या जनजागृतीपर चळवळींपर्यंत माध्यमांनी सामाजिक भान व संवेदनशीलता घडवली आहे. माध्यम हे समाजाचे आरसे असून, विचार आणि भावना यांना दिशा देण्याचे काम ते करतात असेही ते म्हणाले.

प्रमुख वक्ते प्रो. वीरेंद्र कुमार व्यास म्हणाले की माध्यमांनी राष्ट्रनिर्माणासाठी एकतेच्या भावनेला बळ द्यावे आणि फूट पाडणाऱ्या प्रवृत्तींपासून दूर राहावे. माध्यम हे केवळ माहिती पुरविणारे नसून सामाजिक समरसता आणि भावनिक ऐक्य साधणारे एक प्रभावी साधन आहे. अशा बातम्यांना प्राधान्य द्यावे जे समाजात संवेदनशीलता आणि परस्पर समज वाढवतील. मिले सुर मेरा तुम्हारा या भावनेतूनच सशक्त आणि समरस भारताची निर्मिती शक्य आहे, असेही त्यांनी सांगितले.

इलाहाबाद विश्वविद्यालयाचे इंग्रजी विभागाचे प्रो. मनोज कुमार यांनी सांगितले की, साहित्य आणि माध्यम यांच्यातील संवादाचा विस्तार ही भारतीय शैक्षणिक परंपरेचे एक महत्त्वपूर्ण वैशिष्ट्य आहे. ज्ञान आणि भाषा मिळून समाजाच्या विचारांना दिशा देतात. प्रो. श्याम सुंदर दुबे म्हणाले की भारतीय माध्यमांनी आपल्या सांस्कृतिक मुळांशी जोडून नव्या युगातील आव्हानांना सामोरे गेले पाहिजे.

या प्रसंगी सहभागी शिक्षकांनीही माध्यमांची भारतीय संकल्पना: साहित्य आणि समाज या विषयावर आपले विचार मांडले. कार्यक्रमाच्या विविध सत्रांमध्ये तज्ज्ञांकडून प्रशिक्षण आणि चर्चासत्रे घेतली जाणार आहेत. विद्यापीठातील अध्यापन व संशोधनाच्या दृष्टीने ही एक महत्त्वपूर्ण व प्रेरणादायी पाऊल ठरत आहे.